---

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

## 31 मार्च, 2021 की तिमाही एवं समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2021 की तिमाही एवं समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### <u>मुख्य बिन्दु</u>

1. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में बैंक के परिचालन लाभ में 40.38% और वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान वर्ष दर वर्ष 6.54% का सुधार हुआ. वित्तीय वर्ष 2020 के ₹ 6613 करोड़ की शुद्ध हानि के सापेक्ष वित्त वर्ष 2021 में शुद्ध लाभ ₹ 2906 करोड़ रहा. वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान बैंक के शुद्ध ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष 4.37% की वृद्धि हुई है.

2. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है.**
   कासा जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 13.15% की बढ़ोतरी हुई है. वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही के अंत तक कुल जमाराशि आधार ₹ 923805 करोड़ रहा. कासा अनुपात एक वर्ष पूर्व के 34.15% में सुधार के साथ 36.33% हो गया है.

3. **रिटेल, कृषि, एमएसएमई (रैम) अग्रिम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष 8.40% की वृद्धि**
   बैंक ने रिटेल में 10.49%, कृषि में 11.89%, एमएसएमई अग्रिमों में 3.24% की वृद्धि दर्ज की है. औसत अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष 3.11% की वृद्धि हुई है. सीपी एवं कॉर्पोरेट बॉन्ड सहित घरेलू अग्रिम में वर्ष दर वर्ष 1.13% की वृद्धि हुई है.

4. **स्लीपेज में कमी:-**
   वित्तीय वर्ष 2020 (वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान ₹ 25147 करोड़ से वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान ₹ 17443 करोड़) की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021 में स्लीपेज में 30.63% की कमी दर्ज की गई है.

5. **बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 31 मार्च, 2021 को सुधार के साथ 81.27%**
   बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 31 मार्च, 2020 के 78.21% के सापेक्ष 31 मार्च, 2021 में सुधार के साथ 81.27% हो गया है.

6. **वित्तीय वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के दौरान EASE 3.0 के मापदण्डों पर सशक्त कार्य-निष्पादन**
   वित्तीय वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक ने EASE (वर्धित पहुँच एवं सेवा उत्कृष्टता) के अंतर्गत समग्र रैंकिंग में तीसरा स्थान और पीएसबी में 5 में से 4 थीम में प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया है.

7. **समामेलन:-** सभी पूर्व-आंध्रा बैंक एवं पूर्व-कॉर्पोरेशन बैंक की शाखाओं का सीबीएस सिस्टम में एकीकरण रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है.

# वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही के मुख्य बिन्दु

| ₹ करोड़ में | वित्त वर्ष 20 की चौथी तिमाही | वित्त वर्ष 21 की तीसरी तिमाही | वित्त वर्ष 21 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष % | तिमाही दर तिमाही % | वित्त वर्ष 20 | वित्त वर्ष 21 | वर्ष दर वर्ष % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ एवं हानि | | | | | | | | |
| ब्याज आय | 18241 | 17087 | 15475 | -15.16 | -9.44 | 73186 | 68767 | -6.04 |
| ब्याज व्यय | 12274 | 10498 | 10072 | -17.94 | -4.05 | 49532 | 44079 | -11.01 |
| शुद्ध ब्याज आय | 5967 | 6590 | 5403 | -9.46 | -18.01 | 23654 | 24688 | 4.37 |
| गैर-ब्याज आय | 3697 | 3016 | 4551 | 23.10 | 50.92 | 11753 | 11337 | -3.54 |
| एनआईएम% | 2.89 | 2.94 | 2.38 | -51 बीपीएस | -56 बीपीएस | 2.97 | 2.71 | -26 बीपीएस |
| परिचालन लाभ | 3690 | 5311 | 5180 | 40.38 | -2.47 | 18076 | 19259 | 6.54 |
| ऋण हानि प्रावधान | 10847 | 4584 | 3850 | -64.51 | -16.01 | 24690 | 16353 | -33.76 |
| कर के पश्चात लाभ | -7157 | 727 | 1330 | - | - | -6613 | 2906 | - |

| ₹ करोड़ में | मार्च 20 | दिसंबर 20 | मार्च 21 | वर्ष दर वर्ष % | तिमाही दर तिमाही % |
|---|---|---|---|---|---|
| तुलन पत्र | | | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 666117 | 651973 | 653684 | -1.87 | 0.26 |
| घरेलू अग्रिम | 645421 | 635225 | 637672 | -1.20 | 0.39 |
| जिसमें से रिटेल | 113520 | 120386 | 125427 | 10.49 | 4.19 |
| कृषि | 107358 | 115373 | 120124 | 11.89 | 4.12 |
| एमएसएमई | 118440 | 125504 | 122274 | 3.24 | -2.57 |
| रैम अग्रिम | 339318 | 361263 | 367825 | 8.40 | 1.82 |
| सीपी एवं कॉर्पोरेट बॉन्ड सहित घरेलू अग्रिम | 664106 | 668076 | 671635 | 1.13 | 0.53 |
| जमा | 868632 | 882423 | 923805 | 6.35 | 4.69 |
| कासा | 296598 | 312213 | 335592 | 13.15 | 7.49 |
| मीयादी जमा | 572035 | 570210 | 588213 | 2.83 | 3.16 |
| कासा अनुपात (%) | 34.15 | 35.38 | 36.33 | 218 बीपीएस | 95 बीपीएस |
| जीएनपीए | 97193 | 87968 | 89788 | -7.62 | 2.07 |
| एनएनपीए | 31325 | 19063 | 27281 | -12.91 | 43.11 |

| अनुपात (%) | वित्त वर्ष 20 की चौथी तिमाही | वित्त वर्ष 21 की तीसरी तिमाही | वित्त वर्ष 21 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष बीपीएस | तिमाही दर तिमाही बीपीएस | वित्त वर्ष 20 | वित्त वर्ष 21 | वर्ष दर वर्ष बीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्ति गुणवत्ता | | | | | | | | |
| जीएनपीए | 14.59 | 13.49 | 13.74 | -85 | 25 | 14.59 | 13.74 | -85 |
| एनएनपीए | 5.22 | 3.27 | 4.62 | -60 | 135 | 5.22 | 4.62 | -60 |
| पीसीआर | 78.21 | 86.18 | 81.27 | 306 | -491 | 78.21 | 81.27 | 306 |
| टीपीसीआर | 67.79 | 78.33 | 69.62 | 183 | -871 | 67.79 | 69.62 | 183 |
| क्रेडिट लागत | 5.19 | 1.86 | 2.89 | -230 | 103 | 3.15 | 2.13 | -102 |
| पूंजी अनुपात | | | | | | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 8.60* | 9.22 | 9.07 | 47 | -15 | 8.60 | 9.07 | 47 |
| टियर-1 अनुपात | 9.74* | 10.47 | 10.35 | 61 | -12 | 9.74 | 10.35 | 61 |
| सीआरएआर | 12.01* | 12.98 | 12.56 | 55 | -42 | 12.01* | 12.56 | 55 |

*यथा 01.04.2020

**नेटवर्क :**

- 9312 शाखाएँ
- 12957 एटीएम
- 8214 बीसी पॉइंट्स
- 94 सरल/सरल लाइट (एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण केंद्र)
- 129 यूएलपी (रिटेल ऋण प्रसंस्करण केंद्र)

**वित्तीय समावेशन योजनाएं :**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से वित्तीय समावेशन का उद्देश्य बाधाओं को खत्म करना है और समाज के कम पहुँच वाले वर्गों को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**

पीएमजेजेबीवाई एक सरकार समर्थित बीमा योजना है जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 3.71 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**

पीएमएसबीवाई एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 6.69 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**

प्रधानमंत्री जन धन योजना में 31 मार्च, 2020 को ₹ 5,049 करोड़ की राशि के 1.74 करोड़ खातों की तुलना में 31 मार्च, 2021 तक ₹ 6,465 करोड़ रुपये राशि के कुल 2.17 करोड़ खाते खोले गए हैं.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**

एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र पर लक्षित है, 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 0.59 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

**कोविड-19 से निपटने के लिए शुरू की गईं नई योजनाएं:**

कोविड-19 की महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए, बैंक ने चलनिधि असमानता (लिक्विडिटी मिसमैच) में आए दबाव/समस्याओं को कम करने या उपभोगताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु व्यापारिक संस्थाओं, रिटेल ग्राहकों, स्वयं सहायता समूहों के लिए अनेक मुख्य योजनाओं की शुरुआत की है.

- **कोविड इमरजेंसी लाइन ऑफ क्रेडिट (सीईएलसी) :** सभी प्रकार के क्षेत्रों के उधारकर्ताओं के लिए मौजूदा निधि आधारित कार्यशील पूंजी सीमा हेतु योजना.

  मंजूर किए गए ऋणों की संख्या - 1,13,880
  मंजूर की गई कुल राशि - ₹ 3,652 करोड़

- **यूनियन कोविड 19 व्यक्तिगत ऋण योजना (यूसीपीएलएस) :** यह योजना पिछले 12 महीनों से हमारे बैंक के माध्यम से वेतन प्राप्त करने वाले सभी सरकारी/गैर-सरकारी कर्मचारी और मौजूदा रिटेल उधारकर्ताओं के लिए है.

  मंजूर किए गए ऋणों की संख्या - 80,536
  मंजूर की गई कुल राशि - ₹ 1,973 करोड़

- **यूनियन स्वयं सहायता समूह कोविड सुविधा ऋण (यूएससीएसएल) :** यह योजना संतुष्टिपूर्ण ट्रैक रिकॉर्ड वाले सभी मौजूदा स्वयं सहायता समूहों के लिए है.

  मंजूर किए गए ऋणों की संख्या - 1,30,180
  मंजूर की गई कुल राशि - ₹ 696 करोड़

- **यूनियन गारंटीकृत इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (यूजीईसीएल) :** भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप पात्र व्यावसायिक उद्यम/एमएसएमई उधारकर्ता/व्यक्तिगत, जिसमें इच्छुक पीएमएमवाई उधारकर्ता शामिल हैं, के लिए एक विशेष योजना जो कि 29 फरवरी, 2020 को बकाया ऋण राशि की 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त कार्यशील पूंजी मीयादी ऋण सुविधा के रूप में पूर्व-अनुमोदित मंजूरी सीमा होगी.

  मंजूर किए गए ऋणों की संख्या (यूजीईसीएल 1 एवं 2) - 3,72,660
  मंजूर की गई कुल राशि (यूजीईसीएल 1 एवं 2) - ₹ 9,681 करोड़

  [नोट: दिनांक 1 अप्रैल 2020 से आंध्रा बैंक एवं कॉर्पोरेशन बैंक का समामेलन प्रभावी हुआ है; तदनुसार 31 मार्च, 2020 तक सम्मिलित वित्तीय परिणाम, तीनों बैंकों के लेखापरीक्षित/समीक्षित आकड़ों के समेकन द्वारा प्राप्त किया गया है]

दिनांक : 07 जून, 2021
स्थान : मुंबई

प्रेस विज्ञप्ति